दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 188

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म पर सरकार का चाबुक, नए नियम जारी

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** देश में ऑनलाइन गेमिंग एवं ऑनलाइन बेटिंग गेमिंग का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है। इसी ट्रेंड में काफी अनियमितताएं भी हैं और इन्हीं अनियमितताओं पर नकेल के लिए केंद्र सरकार ने वीरवार को नए नियम जारी किए। इस नियमों के बारे में जानकारी देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि नए गेमिंग नियम ऑनलाइन गैम्बलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म पर दांव लगाने वाले किसी भी गेम को प्रतिबंधित करते हैं। वहीं इन नियमों के अनुसार, सभी ऑनलाइन गेम्स को एक सेल्फ-रेगुलेटरी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जुआ लगाने वाले या सट्टेबाजी में शामिल ऑनलाइन गेम नए ऑनलाइन गेमिंग नियमों के दायरे में आएंगे। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों से जुड़े कई एसआरओ बनाए जाएंगे जिनमें सभी हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। हालांकि, इनमें सिर्फ उद्योग के ही प्रतिनिधि नहीं होंगे। राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि हम एक ऐसे ढांचे के साथ काम कर रहे हैं जो सभी ऑनलाइन गेमिंग को एक एसआरओ द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यानी एसआरओ निर्धारित करेगा कि गेम में गैम्बलिंग है कि नहीं। उन्होंने कहा कि कई एसआरओ होंगे, और इन एसआरओ में उद्योग समेत सभी हितधारकों की भागीदारी होगी, लेकिन यह उद्योग तक सीमित नहीं है।

### अभी जेल में ही रहेंगे सत्येंद्र जैन, हाईकोर्ट में भी जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। ईडी ने भी सत्येंद्र जैन की जमानत का विरोध किया। ईडी ने कोर्ट में कहा कि अगर जैन को जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों की जान को खतरा हो सकता है। साथ ही जांच भी प्रभावित हो सकती है। सत्येंद्र जैन कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट भी गए थे, वहां उन्हें राहत नहीं मिली थी। जैन ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने इस अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत जमानत मामलों से भरी हुई है। शायद की कोई ट्रायल पूरा हो रहा है। हम जमानत अर्जी पर जल्द सुनवाई के लिए नहीं कह सकते।

### अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा।. न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर, उस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय का अमेजन इंडिया से समझौता, प्राइम विडियो पर स्ट्रीम होगा दूरदर्शन का कंटेंट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज मीडिया, मनोरंजन तथा जन जागरूकता कार्यक्रम के क्षेत्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और अमेज़न इंडिया के बीच साझेदारी की घोषणा की।



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस समझौते के अवसर पर लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि भारत एक प्राचीन सभ्यता है और इस वजह से भारत के इतिहास में ऐसे लाखों घटनाक्रम संरक्षित हैं, जिन्हें बताया जाना अभी शेष है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन कहानियों का दायरा समय के साथ आगे बढ़ जाता है और यह आध्यात्मिकता से लेकर सॉफ्टवेयर तक, परंपराओं से लेकर वर्तमान चलन तक, लोक कथाओं से लेकर त्योहारों तक तथा ग्रामीण भारत से लेकर नये विकसित होते हुए भारत तक एक विशाल क्षेत्र को कवर करता है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारतीय सामग्री को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काफी सफलता मिली है और भारतीय अभिनेताओं ने विदेशी दर्शकों के बीच अपनी उच्च लोकप्रियता हासिल की है।

केंद्रीय मंत्री ने भारत में मनोरंजन उद्योग के लिए अनुकूल माहौल बनाने के उद्देश्य से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भारतीय मनोरंजन उद्योग, विशेष रूप से ओटीटी जैसे नए प्लेटफार्मों की शक्ति और इसमें निहित अवसरों को पहचानती है। ठाकुर ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दृश्य-श्रव्य सेवाओं को ऊंचे दर्जे के सेवा क्षेत्र के रूप में मान्यता दी है और हाल ही में ओटीटी सामग्री विनियमन के स्व-नियामक ढांचे को प्रस्तुत किया गया है।

अनुराग ठाकुर ने अमेज़न के साथ साझेदारी के बारे में कहा कि अमेज़न इंडिया के साथ साझेदारी कई मामलों में अद्वितीय है और लेटर ऑफ इंगेजमेंट रचनात्मक उद्योग के विभिन्न पक्षों तक फैला हुआ है। यह साझेदारी भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान तथा सत्यजीत रे फिल्म एवं भारतीय टेलीविजन संस्थान में छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, इंटर्नशिप, मास्टर क्लास तथा अन्य अवसरों के प्रावधानों के माध्यम से मनोरंजन उद्योग व अकादमिक संबंधों को सशक्त करने में सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से भारत के प्रतिष्ठित फिल्म संस्थानों से निकलने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों के लिए संघर्ष की अवधि कम करने में मदद मिलेगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने ओटीटी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध कराई जा रही सामग्री की गुणवत्ता के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ओटीटी प्लेटफार्मों की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि इस तरह के मंच रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता एवं दुर्व्यवहार का प्रचार-प्रसार न करें। ठाकुर ने यह भी कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म को सामूहिक कल्याण तथा रचनात्मक विविधता को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि वरुण धवन ने स्ट्रीमिंग सेवाओं द्वारा हासिल की जा रही सफलता एवं पहुंच के बारे में जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रीमिंग के माध्यम से भारतीय सिनेमा अब एक अलग ही वैश्विक स्तर पर पहुंच रहा है और इस तरह की स्ट्रीमिंग सेवाओं के जरिये आज भारतीय मनोरंजन सामग्री को अप्रत्याशित दर्शकों तक पहुंच प्राप्त हो रही है। धवन ने इस तत्थ्य पर प्रकाश डाला कि स्ट्रीमिंग सेवाएं एक लेवलर के रूप में कार्य करती हैं और उन्होंने कहा कि दूर-दराज से आने वाले नये कलाकारों एवं निर्माताओं की प्रतिभा अब दुनिया भर के दर्शकों तक सुलभ हो रही है।

इस समझौते व सहयोग के बारे में धवन ने कहा कि इस तरह की साझेदारी, हमारे उद्योग एवं प्रतिभा को बढ़ावा देती है और इससे काफी सहायता मिलती है। हमारा मनोरंजन उद्योग तथा इसकी प्रतिभा मुझे उम्मीद से भर देते हैं और हम सभी को वैश्विक मनोरंजन मंच पर एक भारतीय होने का अर्थ फिर से परिभाषित करने की दिशा में कार्य करने में सहायता करता है।

इस मौके पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा अमेज़न इंडिया के बीच साझेदारी से भारतीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेंगे।

अमेज़न प्राइम वीडियो में एशिया पैसिफिक के उपाध्यक्ष गौरव गांधी ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ हमारा समग्र सहयोग मनोरंजन उद्योग के विकास को आगे बढ़ाने के लिए जीवन के हर चरण व एकीकरण के प्रत्येक कोने को देखता है और हम इसके द्वारा प्राप्त की जाने वाली उपलब्धियों को लेकर बहुत आशान्वित हैं।

## बिहार के बाद तमिलनाडु पुलिस का एक्शन, यूट्यूबर मनीष कश्यप के खिलाफ लगाया एनएसए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिहार पुलिस के बाद अब तमिलनाडु पुलिस ने यूट्यूबर मनीष कश्यप के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। मनीष पर तमिलनाडु पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी एनएसए दर्ज किया है। मदुरै पुलिस ने गुरुवार को कहा है कि मनीष कश्यप ने बिहार के प्रवासी श्रमिकों का भ्रामक वीडियो जारी किया था, जिसके तहत यह एक्शन हुआ है। मदुरै की स्थानीय कोर्ट ने मनीष कश्यप को 19 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मदुरै पुलिस ने कहा, 'तमिलनाडु में बिहारी प्रवासी मजदूरों पर हमले के फर्जी वीडियो प्रसारित करने वाले मनीष कश्यप को एनएसए एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है।'




मनीष कश्यप ने बिहार पुलिस और इकोनॉमिक ऑफेंस यूनिट की एक के बाद एक कई रेड के चलते 18 मार्च को बेतिया के जगदीशपुर थाने में आत्मसमर्पण किया था। तमिलनाडु में बिहार के प्रवासियों से संबंधित एक 'भ्रामक' वीडियो प्रसारित करने आरोप में उनके खिलाफ बिहार और तमिलनाडु दोनों जगहों पर केस दर्ज किया गया है। बिहार पुलिस ने यूट्यूबर के बैंक अकाउंट्स को फ्रीज कर दिया था। मनीष कश्यप और युवराज सिंह राजपूत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस को गिरफ्तारी वारंट भी मिला था। पुलिस ने जमुई जिले के एक आरोपी अमन कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया था।

## देश में पिछले एक दिन में कोविड के 5,335 नए मामले आए सामने

**उपचाराधीन मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,335 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढक़र 4,47,39,054 हो गई है. पिछले 195 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं. वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 25,587 पर पहुंच गई है.

देश में पिछले साल 23 सितंबर को संक्रमण के 5,383 दैनिक मामले सामने आए थे. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो-दो और केरल तथा पंजाब में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढक़र 5,30,929 हो गई. वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में सात नाम और जोड़े हैं.



अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 25,587 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.6 प्रतिशत है. मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है. देश में संक्रमण की दैनिक दर 3.32 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.89 प्रतिशत है. अभी तक कुल 4,41,82,538 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं.

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे. चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे.

## मर्जी के खिलाफ बाल छोटे करवाए तो 13 साल के बच्चे को आया गुस्सा, 16वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**मुंबई (आरएनएस)।** ठाणे के भायंदर से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 13 साल के नाबालिक ने इसलिए खुदकुशी कर ली क्योंकि उसकी मर्जी के खिलाफ उसके बाल छोटे करवा दिए गए थे। जानकारी के मुताबिक बच्चे ने बाथरूम की खिडक़ी से छलांग लगा दी। वह परिवार इमारत की 16वीं मंजिल पर रहता था।



नवघर पुलिस ने हादसे में मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शत्रुघन पाठक 8वीं क्लास में पढ़ता था। भयंदर ईस्ट की न्यू गोल्डन बिल्डिंग के कंपाउंड रात करीब 11 बजे उसे खून से लथपथ पड़ा पाया गया। बाद में परिवार ने पुलिस को बताया कि दिन में शत्रुघन का चचेरा भाई उसके बाल कटवाने ले गया था। बाल छोटे होने की वजह से वह काफी अपसेट था। बड़ी बहनों और पैरेंट्स ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन वह रो रहा था।

रात में 11 बजे के करीब जब परिवार के सभी लोग सोने के लिए चले गए तो वह बाथरूम चला गया। उसने यहीं की खिडक़ी से छलांग लगा दी। इस खिडक़ी में कोई ग्रिल भी नहीं लगी थी। कुछ गिरने की आवाज जब बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड को मिली तो वह दौडक़र वहां पहुंचा। तुरंत लोगों ने मिलकर बच्चे को अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसकी मौत के पीछे कोई और वजह तो नहीं है।

बता दें कि इन दिनों छोटी-छोटी बातों की वजह से बच्चों में सुइसाइडल टेंडेंसी बढ़ गई है। अकसर ऐसे मामले सामने आते हैं कि उनकी बात ना मानने पर वे सीधा मौत को गले लगा लेते हैं। बीते दिनों लखनऊ में मोबाइल गेम खेलने से रोकने की वजह से एक बच्चे ने खुदकुशी कर ली थी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर एक फिर पथराव, खिड़की का शीशा टूटा, चार घंटे देरी से रवाना हुई ट्रेन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वंदे भारत एक्सप्रेस पर एक फिर हुआ पथराव की घटना सामने आई है। ट्रेन की खिडक़ी का शीशा टूटने की वजह से गुरुवार को निर्धारित प्रस्थान समय 4 घण्टे देरी से रवाना हो पाई। विशाखापत्तनम -सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले तीन महीने में पथराव की यह तीसरी घटना है। पथराव की वजह से सी-8 कोच की खिडक़ी का शीशा टूट गया। डिविजनल रेलवे मैनेजर के अनुसार यह ट्रेन विशाखापट्टनम स्टेशन से रखरखाव के लिए कोच केयर सेंटर जा रही थी, तभी उसपर पथराव किया गया।



वाल्टेयर डिवीजन रेलवे ने आधिकारिक तौर पर बताया कि बुधवार को विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को अपने निर्धारित प्रस्थान समय 05:45 बजे के बजाय 09:45 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था। बदमाशों द्वारा पथराव के कारण सी-8 कोच की खिडक़ी का शीशा टूट गया। इससे पहले जनवरी में भी आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम शहर में वंदे भारत ट्रेन पर मेंटेनेंस के दौरान ही पथराव हुआ था। विशाखापट्टनम में कांचरापलेम के पास वंदेभारत एक्सप्रेस के एक कोच का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था।

डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) अनूप कुमार सेतुपति ने घटना को लेकर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा हैं। आरपीएफ आरोपियों की तलाश कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बोले- 2024 में यहां भी होंगी अमेरिका जैसी सड़कें, चलेगी ड्रोन टैक्सी

**बागपत (आरएनएस)।** केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को गणेशपुर में आकर निर्माणाधीन दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की शिवालिक पहाडिय़ों में बन रही एलिवेटेड रोड का निरीक्षण करने पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर गणेशपुर में बने हेलीपैड पर दोपहर ढाई बजे उतरा। इसके बाद वे दिल्ली देहरादून कॉरिडोर तथा एलिवेटिड रोड का निरीक्षण करने निकले। मात्र बीस मिनट के संक्षिप्त दौरे के बाद केंद्रीय मंत्री लौट गए।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2024 में अमेरिका जैसी सडक़े यहां भी होगी। पराली से बायो ईंधन बनाने की योजना है। ड्रोन टैक्सी भी चलेगी। कहा कि गाड़ी में चिप लगेगी और सडक़ पर चलते ही टोल कट जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाईवे किनारे पहले बार बर्ड पार्क बनाए जाएंगे, जिसमे फल के पेड़ लगाए जायेंगे। यह भी योजना है की उन फलों को इंसान नहीं खाएंगे बल्कि उन्हें पक्षी खाएंगे। ये पेड़ तकरीबन तीन मीटर के दायरे में लगाए जाएंगे। पिलर पर पेंटिंग की जा सकती है। पहली बार बर्ड पार्क बनने जा रहे है।

अतिक्रमण को लेकर गडकरी ने कहा कि अतिक्रमण तोड़ दो, हाईवे पर अगर कहीं अतिक्रमण है तो तोडऩा होगा। हाईवे पर हादसे नहीं होने चाहिए। हाईवे अच्छे होने चाहिए। कहा कि हाईवे पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग की व्यवस्था की जा रही है। कई जगह हो चुका है। एक्सेस कंट्रोल हाईवे से हादसे में कमी आएगी।

## चीनी वक्तव्य पर भारत की दो टूक, सीमा पर शांति बहाली के बिना नहीं सुधरेंगे रिश्ते

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने चीन के उस वक्तव्य को आज ठुकरा दिया कि भारत एवं चीन की सीमा पर स्थिरता बहाल हो गयी है और आपात व्यवस्थाएं हटा ली गयीं हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में सवालों के जवाब में दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति एवं स्थिरता बहाल नहीं होती है, हमारे संबंधों में प्रगति नहीं हो सकती। गौरतलब है कि चीनी विदेश मंत्रालय के एक राजनयिक ने कहा है कि भारत एवं चीन की सीमा पर स्थिरता बहाल हो गयी है और आपात व्यवस्थाएं हटा ली गयीं हैं। अब दोनों देशों के संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल हो गयी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बागची ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की बहाली जरूरी है जो अप्रैल 2020 से बिगड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम राजनयिक एवं सैन्य, दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं लेकिन जब तक सीमा पर शांति एवं स्थिरता नहीं लौटती है, हम अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य नहीं कह सकते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताये जाने एवं राज्य के स्थानों के नामकरण किये जाने का अपना अधिकार बताये जाने के बारे में जब प्रतिक्रिया मांगी गयी तो श्री बागची ने कहा कि इस बारे में पहले भी कहा जा चुका है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य अंग हमेशा रहा है और सदैव रहेगा। मनगढंत नाम रखने से वास्तविकता नहीं बदल जाती है।



चीन में भारतीय पत्रकारों के वीसा को रद्द किये जाने की रिपोर्टों पर श्री बागची ने कहा कि हम चीनी सरकार के संपर्क में हैं और हमें उम्मीद है कि चीन सरकार भारतीय पत्रकारों को वीसा बहाली में मदद करेगी। एक संबंधित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में भी चीनी पत्रकार वैध वीसा के साथ काम कर रहे हैं। जहां तक कुछ चीनी पत्रकारों के वीसा को लेकर कुछ मुद्दे हैं, उन पर वह अभी कुछ नहीं कह सकते हैं क्योंकि वीसा कई एजेंसियों के अंतर्गत आता है। कनाडा में कुछ मंदिरों में तोडफ़ोड़ को लेकर सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत इस तरह के हमलों की निंदा करता है और यह मामला कनाडा सरकार के साथ उठाया गया है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।